# अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड

हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

## कक्षा-6

### पाठ्यक्रम

वर्ण-स्वर एवं व्यंजन, मात्राओं का ज्ञान, संयुक्त व्यंजन, 'र' के रूप (रेफ़ और पदेन), वर्ण-विच्छेद, वर्ण संयोजन, मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ, विराम चिह्न, लिंग एवं वचन का ज्ञान, शुद्ध शब्द, संधि, शब्द के भेद, संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया-क्रियाविशेषण शब्द, उपसर्ग-प्रत्यय, काल, कारक, अनुस्वार एवं अनुनासिक शब्द, समास, वाक्य (अर्थ के आधार पर), पर्यायवाची एवं विलोम शब्द, शब्द लड़ी में उचित शब्द, हिंदी में गिनती का सही क्रम (एक से सौ तक), हिंदी महीनों के नाम एवं सही क्रम, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, बिंदु (ं) एवं चंद्रबिंदु ( ँ ), वाक्य के प्रकार, वाक्य बनाना, वाक्य संबंधी अशुद्धियाँ, अपठित गद्यांश एवं गद्यांश।

- हिंदी ओलंपियाड प्रतियोगिता में हिस्सा लेने से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में स्वयं को परखने तथा सफलता के मार्ग की बाधाओं के बारे में पता चलता है।
- हिंदी ओलंपियाड परीक्षाओं में दिए गए प्रश्नों को जानने-समझने से विद्यार्थियों के अंदर ज्ञान की जिज्ञासा उत्पन्न होती है। इन परीक्षाओं की तैयारी से विद्यार्थियों का बहुआयामी विकास होता है।
- अभिव्यक्ति के सर्वाधिक विश्वसनीय माध्यम के रूप में भाषा समाज के सर्वांगीण विकास, निर्माण, अस्मिता, सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान का भी महत्त्वपूर्ण साधन है। हिंदी ओलंपियाड की तैयारी विद्यार्थियों के लिए ज्ञान के नये मार्ग का सृजन करती है।
- अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड परीक्षाओं में चयनित विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र मिलता है, इससे चयनित नहीं होने वाले विद्यार्थियों में भी प्रतिस्पर्धा की भावना उत्पन्न होती है।
- हिंदी ओलंपियाड परीक्षा की तैयारी के लिए कड़ी मेहनत और एकाग्रता अति आवश्यक है। अर्जुन की तरह अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखें और रटने की बजाय समझने का अधिक प्रयास करें, तो सफलता आपके कदम चूमेगी।

# 1-भाषा, लिपि और व्याकरण

1. 'विक्रम रेडियो सुन रहा है।' वाक्य में भाषा का रूप है -
(क) लिखित
(ख) मौखिक
(ग) सांकेतिक

2. हिंदी व्याकरण के कितने अंग हैं ?
(क) चार
(ख) दो
(ग) तीन

3. 'मैं निबंध लिख रहा हूँ ।' इस वाक्य में भाषा का रूप है -
(क) मौखिक
(ख) लिखित
(ग) कोई नहीं

4. भाषा के शुद्ध रूप के लिए किसे स्वीकार किया गया है ?
(क) मातृभाषा
(ख) मानक भाषा
(ग) राजभाषा

5. हम सबसे पहले किस भाषा को सीखते हैं ?
(क) राष्ट्रभाषा
(ख) संपर्क भाषा
(ग) मातृभाषा

6. अवधी है -
(क) राजभाषा
(ख) राष्ट्रभाषा
(ग) बोली

7. भारतीय संविधान के अनुसार भारत में कितनी भाषाओं को मान्यता प्राप्त है ?
(क) 22
(ख) 24
(ग) 26

8. लिखकर व बोलकर हम करते हैं-
(क) मन की बात
(ख) भावों की अभिव्यक्ति
(ग) भावों व विचारों की अभिव्यक्ति

9. व्याकरण ............... भाषा के रूप का ज्ञान कराता है-
(क) शुद्ध
(ख) अशुद्ध
(ग) दोनों

10. आपकी पुस्तक में भाषा के किस रूप का प्रयोग हुआ है ?
(क) मौखिक
(ख) लिखित
(ग) सांकेतिक

11. सरकारी काम-काज में प्रयुक्त भाषा को कहते हैं -
(क) राजभाषा
(ख) राष्ट्रभाषा
(ग) मातृभाषा

12. हिंदी भारत की है -
(क) संपर्कभाषा एवं राजभाषा
(ख) राजभाषा एवं राष्ट्रभाषा
(ग) राष्ट्रभाषा एवं मातृभाषा


हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

# 2-वर्ण विचार

1. अंत:स्थ व्यंजनों की संख्या है -
   (क) 4
   (ख) 8
   (ग) 12

2. ऊष्म व्यंजनों की संख्या है -
   (क) 5
   (ख) 6
   (ग) 4

3. शब्द के एक-एक वर्ण को अलग-अलग लिखना कहलाता है -
   (क) संधि-विच्छेद
   (ख) वर्ण-विच्छेद
   (ग) कोई नहीं

4. 'स' व्यंजन है-
   (क) स्पर्श
   (ख) अंत:स्थ
   (ग) ऊष्म

5. 'क' वर्ग का उच्चारण स्थान है-
   (क) मूर्धा
   (ख) कंठ
   (ग) तालु

6. 'त' वर्ग का उच्चारण स्थान है-
   (क) दाँत
   (ख) तालु
   (ग) होंठ

7. ड़ और ढ़ का उच्चारण स्थान है -
   (क) दाँत
   (ख) कंठ
   (ग) मूर्धा

8. इनमें से व्यंजन वर्ण है -
   (क) अ
   (ख) ए
   (ग) स

9. संयुक्त व्यंजन है-
   (क) त्र
   (ख) प
   (ग) र

10. शब्द में प्रयुक्त वर्णों का एक निश्चित क्रम कहलाता है -
    (क) मानक भाषा
    (ख) वर्णमाला
    (ग) कोई नहीं

11. व्यंजन के भेद हैं -
    (क) चार
    (ख) तीन
    (ग) पाँच

12. अनुनासिक का उच्चारण होता है -
    (क) नाक और मुँह
    (ख) नाक
    (ग) कोई नहीं

13. 'ज़रूर' शब्द में प्रयुक्त हुआ है -
    (क) आगत
    (ख) नुक्ता
    (ग) आगत

14. स्पर्श व्यंजनों की संख्या है -
    (क) 13
    (ख) 25
    (ग) 26

# 3-संधि

1. यद्‌यपि शब्द में प्रयुक्त हुआ है -
(क) वृद्‌धि संधि
(ख) यण संधि
(ग) अयादि संधि

2. महौषध शब्द में प्रयुक्त हुआ है -
(क) वृद्‌धि संधि
(ख) गुण संधि
(ग) दीर्घ संधि

3. सूर्योदय शब्द का सही संधि-विच्छेद है -
(क) सूर्य + ऊदय
(ख) सूर्य + उदय
(ग) सूर्या + उदय

4. गुण संधि का सही उदाहरण है -
(क) वीरेंद्र
(ख) अत्यंत
(ग) भविष्य

5. अध्येता शब्द में संधि है -
(क) यण संधि
(ख) गुण संधि
(ग) अयादि संधि

6. मनः + रथ से बना सही शब्द है -
(क) मनरथ
(ख) मनोरथ
(ग) मनराथ

7. रामायण में प्रयुक्त संधि है -
(क) स्वर संधि
(ख) व्यंजन संधि
(ग) विसर्ग संधि

8. संधि मेल है -
(क) दो स्वरों का
(ख) स्वर और व्यंजन का
(ग) दो वर्णों का

9. स्वर संधि के भेद हैं -
(क) दो
(ख) चार
(ग) पाँच

12. विद्‌यार्थी शब्द का सही संधि-विच्छेद है -
(क) विद्‌या + अर्थी
(ख) विद्‌य + अर्थी
(ग) विद्‌या + आर्थी

10. 'गुण संधि' भेद है -
(क) विसर्ग संधि का
(ख) व्यंजन संधि का
(ग) स्वर संधि का

11. मतैक्य का सही संधि-विच्छेद है-
(क) मत + ऐक्य
(ख) मत + एक्य
(ग) मत + ऐक्य

13. नदी + ईश से बना शब्द है -
(क) नदीश
(ख) नदिश
(ग) नादीश

14. यथा + इष्ट से बना सही शब्द है -
(क) यथेष्ट
(ख) यथैष्ट
(ग) यथेष्ठ

# 4-शब्द-विचार

1. पाठशाला शब्द है -
   (क) रूढ़ शब्द
   (ख) यौगिक शब्द
   (ग) योगरूढ़ शब्द

2. रवि तेज़-तेज़ दौड़ रहा है -
   (क) विकारी शब्द
   (ख) सार्थक शब्द
   (ग) अविकारी शब्द

3. संस्कृत भाषा से हिंदी में आने पर जिन शब्दों का रूप नहीं बदलता, वे हैं -
   (क) तत्सम
   (ख) तद्भव
   (ग) देशी

4. दरवाज़ा शब्द है -
   (क) अरबी
   (ख) अंग्रेज़ी
   (ग) फ़ारसी

5. आँसू शब्द है -
   (क) देशज शब्द
   (ख) विदेशी शब्द
   (ग) तद्भव शब्द

6. 'खाना-वाना' में निरर्थक शब्द है -
   (क) खाना
   (ख) वाना
   (ग) दोनों

7. प्रयोग के आधार पर शब्दों के भेद हैं -
   (क) दो
   (ख) चार
   (ग) तीन

8. शब्दों के वर्गीकरण के आधार हैं -
   (क) चार
   (ख) पाँच
   (ग) तीन

9. वाक्य में प्रयुक्त शब्द कहलाते हैं -
   (क) अक्षर
   (ख) पद
   (ग) वाक्यांश

10. कौन-सा शब्द रचना के आधार पर शब्द का भेद नहीं है -
   (क) रूढ़
   (ख) योगरूढ़
   (ग) विकारी

11. विकारी का अर्थ है -
   (क) समान
   (ख) परिवर्तन
   (ग) विलोम

12. सार्थक शब्द के भेद हैं -
   (क) तीन
   (ख) चार
   (ग) पाँच

13. 'गजानन' है -
   (क) रूढ़ शब्द
   (ख) यौगिक शब्द
   (ग) योगरूढ़ शब्द

14. 'घृत' है -
   (क) देशज शब्द
   (ख) सार्थक शब्द
   (ग) तत्सम शब्द

# 5-शब्द संपदा

1. शुष्क का विलोम है -
   (क) सूखा
   (ख) आर्द्र
   (ग) नीरस

2. सुगम का विलोम है -
   (क) दुष्कर
   (ख) दुकूल
   (ग) दुर्गम

3. कल का सही अनेकार्थी शब्द है -
   (क) टैक्स
   (ख) सम्मान
   (ग) मशीन

4. उत्तर शब्द का सही अनेकार्थी शब्द है-
   (क) प्रश्न
   (ख) धतूरा
   (ग) जवाब

5. मंगल शब्द का सही अनेकार्थी शब्द है -
   (क) शुभ
   (ख) समय
   (ग) चमक

6. जिसका आकार हो -
   (क) साकार
   (ख) निराकार
   (ग) परोपकार

7. उपहास का सही अर्थ है -
   (क) हँसी-मज़ाक करना
   (ख) दूसरों की हँसी उड़ाना
   (ग) हँसते रहना

8. आग का पर्यायवाची नहीं है -
   (क) अग्नि
   (ख) पावक
   (ग) अनिल

9. पानी का पर्यायवाची है -
   (क) पयोद
   (ख) जलधर
   (ग) अंबु

10. सूर्य का पर्यायवाची नहीं है -
   (क) राकेश
   (ख) रवि
   (ग) आदित्य

11. चंद्रमा का पर्यायवाची नहीं है -
   (क) शशि
   (ख) हिमकर
   (ग) नीरज

12. पर्वत का पर्यायवाची है -
   (क) रजनी
   (ख) वायु
   (ग) गिरि

13. चतुर का विलोम है -
   (क) होशियार
   (ख) मूर्ख
   (ग) चालाक

14. निर्मल का विलोम है -
   (क) मलिन
   (ख) विमल
   (ग) सलिल

# 6-उपसर्ग और प्रत्यय

1. 'वि' उपसर्ग से बना शब्द है -
   (क) वियोग
   (ख) प्रतिकूल
   (ग) विगम

2. 'अधि' उपसर्ग से बना सही शब्द है-
   (क) अधिकार
   (ख) दुर्बल
   (ग) दुर्लभ

3. 'प्रति' उपसर्ग से बना सही शब्द है -
   (क) प्रत्येक
   (ख) संतोष
   (ग) आमरण

4. 'उप' उपसर्ग है -
   (क) हिंदी का उपसर्ग
   (ख) संस्कृत का उपसर्ग
   (ग) उर्दू का उपसर्ग

5. 'वाइस' उपसर्ग है -
   (क) हिंदी का उपसर्ग
   (ख) अरबी का उपसर्ग
   (ग) अंग्रेज़ी का उपसर्ग

6. 'सर' उपसर्ग है -
   (क) हिंदी का उपसर्ग
   (ख) उर्दू-फ़ारसी का उपसर्ग
   (ग) संस्कृत का उपसर्ग

7. 'दार' है
   (क) उपसर्ग
   (ख) प्रत्यय
   (ग) दोनों

8. उपसर्ग के भेद हैं -
   (क) तीन
   (ख) चार
   (ग) पाँच

9. 'अ' उपसर्ग से बना सही शब्द है -
   (क) अनुपम
   (ख) अभाव
   (ग) अनबन

10. 'वान' प्रत्यय से बना सही शब्द है -
    (क) बलवान
    (ख) शक्तिमान
    (ग) बुद्धिवान

11. 'उप' उपसर्ग से बना सही शब्द है -
    (क) उपकार
    (ख) अत्यधिक
    (ग) बुद्धिमती

12. 'नि' उपसर्ग से बना शब्द है -
    (क) निडर
    (ख) प्यासा
    (ग) चालक

13. 'इक' प्रत्यय से बना शब्द है -
    (क) फिक्र
    (ख) अत्यधिक
    (ग) श्रीमती

14. 'अन' उपसर्ग से बना शब्द है -
    (क) उनसठ
    (ख) कुपुत्र
    (ग) अनपढ़

# 7-समास

1. **कर्मधारय समास का उदाहरण है -**
   (क) नीलगगन
   (ख) राजा-रानी
   (ग) यथाशक्ति

2. **बहुव्रीहि समास का उदाहरण है -**
   (क) सुख-दुख
   (ख) चारपाई
   (ग) दशानन

3. **द्वंद्व समास का उदाहरण है -**
   (क) रात-दिन
   (ख) राहखर्च
   (ग) आमरण

4. **ग्रामगत शब्द है -**
   (क) करण तत्पुरुष
   (ख) कर्म तत्पुरुष
   (ग) संप्रदान तत्पुरुष

5. **समास के भेद हैं -**
   (क) चार
   (ख) पाँच
   (ग) छह

6. **तत्पुरुष समास के भेद हैं -**
   (क) सात
   (ख) पाँच
   (ग) छह

7. **जलमग्न है -**
   (क) कर्म तत्पुरुष
   (ख) संबंध तत्पुरुष
   (ग) अधिकरण तत्पुरुष

8. **द्विगु समास का उदाहरण है -**
   (क) वनवास
   (ख) फल-फूल
   (ग) शताब्दी

9. **राजकुमार है -**
   (क) अपादान तत्पुरुष
   (ख) संबंध तत्पुरुष
   (ग) बहुव्रीहि

10. **अव्ययीभाव समास का उदाहरण है -**
   (क) रोगमुक्त
   (ख) जीवन-मरण
   (ग) आजीवन

11. **हस्तलिखित है -**
   (क) कर्म तत्पुरुष
   (ख) करण तत्पुरुष
   (ग) संप्रदान तत्पुरुष

12. **पथभ्रष्ट है -**
   (क) संबंध तत्पुरुष
   (ख) अपादान तत्पुरुष
   (ग) अधिकरण तत्पुरुष

13. **यज्ञशाला है -**
   (क) कर्म तत्पुरुष
   (ख) संप्रदान तत्पुरुष
   (ग) करण तत्पुरुष

14. **गंगाजल है -**
   (क) कर्मधारय समास
   (ख) अधिकरण तत्पुरुष
   (ग) संबंध तत्पुरुष


हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

# 8–संज्ञा

1. **पुस्तकालय शब्द है –**
   (क) व्यक्तिवाचक संज्ञा
   (ख) भाववाचक संज्ञा
   (ग) जातिवाचक संज्ञा

2. **देव शब्द से भाववाचक संज्ञा बनेगी –**
   (क) देवत्व
   (ख) देवतत्व
   (ग) देवतव

3. **कक्षा में अनेक विद्यार्थी हैं । वाक्य में 'कक्षा' शब्द है –**
   (क) समूहवाची संज्ञा
   (ख) द्रव्यवाचक संज्ञा
   (ग) जातिवाचक संज्ञा

4. **मंदिर की भव्यता देखने योग्य है । वाक्य में भव्यता शब्द है –**
   (क) व्यक्तिवाचक संज्ञा
   (ख) जातिवाचक संज्ञा
   (ग) भाववाचक संज्ञा

5. **बाग में हरियाली छाई है । वाक्य में 'हरियाली' शब्द है –**
   (क) भाववाचक संज्ञा
   (ख) जातिवाचक संज्ञा
   (ग) व्यक्तिवाचक संज्ञा

6. **आगरा शब्द है –**
   (क) व्यक्तिवाचक संज्ञा
   (ख) जातिवाचक संज्ञा
   (ग) भाववाचक संज्ञा

7. **संज्ञा के मुख्य भेद हैं –**
   (क) चार
   (ख) तीन
   (ग) दो

8. **वाराणसी संज्ञा है –**
   (क) जातिवाचक
   (ख) भाववाचक
   (ग) व्यक्तिवाचक

9. **क्रिया तथा जातिवाचक संज्ञा से बनती है –**
   (क) द्रव्यवाचक संज्ञा
   (ख) भाववाचक संज्ञा
   (ग) समूहवाचक संज्ञा

10. **श्रेया पढ़ रही है । वाक्य में 'श्रेया' शब्द है –**
    (क) जातिवाचक संज्ञा
    (ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा
    (ग) भाववाचक संज्ञा

11. **यह चाँदी की कटोरी है । वाक्य में 'चाँदी' शब्द है –**
    (क) समूहवाचक संज्ञा
    (ख) द्रव्यवाचक संज्ञा
    (ग) भाववाचक संज्ञा

12. **पक्षी शब्द है –**
    (क) व्यक्तिवाचक संज्ञा
    (ख) जातिवाचक संज्ञा
    (ग) भाववाचक संज्ञा

# 9-लिंग

1. पलक शब्द है -
(क) स्त्रीलिंग
(ख) पुल्लिंग
(ग) कोई नहीं

2. हिमालय शब्द है -
(क) स्त्रीलिंग
(ख) पुल्लिंग
(ग) कोई नहीं

3. 'आचार्य' का स्त्रीलिंग है -
(क) शिक्षिका
(ख) अध्यापिका
(ग) आचार्या

4. भगवान का स्त्रीलिंग है -
(क) भगवती
(ख) भगवानी
(ग) भागवती

5. दाता का स्त्रीलिंग है -
(क) दाती
(ख) दात्री
(ग) दात्रि

6. सखी का पुल्लिंग है -
(क) सखा
(ख) साखा
(ग) साख

7. पूजनीय का स्त्रीलिंग है -
(क) पूजनीया
(ख) पुजीनिय
(ग) पूज्यनीय

8. 'गायक' का स्त्रीलिंग है -
(क) गाने वाली
(ख) गायिकी
(ग) गायिका

9. 'मच्छर' का स्त्रीलिंग है -
(क) मच्छरी
(ख) मच्छरानी
(ग) मादा मच्छर

10. लिंग के भेद होते हैं -
(क) दो
(ख) तीन
(ग) चार

11. 'नौकरानी' का पुल्लिंग है -
(क) नौकरी
(ख) नौकरगिरि
(ग) नौकर

12. 'कवि' का स्त्रीलिंग है -
(क) कवयित्री
(ख) कवित्री
(ग) कविता

13. 'सम्राट' का स्त्रीलिंग होगा -
(क) सम्राटी
(ख) साम्राज्ञी
(ग) सम्राज्ञी

14. 'गेहूँ' शब्द है -
(क) स्त्रीलिंग
(ख) पुल्लिंग
(ग) दोनों

# 10-वचन

1. छात्र का बहुवचन होगा -
   (क) छात्रों
   (ख) छात्रवृंद
   (ग) छात्रवृन्द

2. यह आम मीठा है । वाक्य में 'आम' शब्द है -
   (क) एकवचन
   (ख) बहुवचन
   (ग) दोनों

3. हम देश के लिए प्राण भी दे सकते हैं । वाक्य में प्राण शब्द है -
   (क) एकवचन
   (ख) बहुवचन
   (ग) कोई नहीं

4. बिल्लियाँ दूध पी रही हैं । वाक्य में 'बिल्लिया' शब्द है -
   (क) एकवचन
   (ख) बहुवचन
   (ग) कोई नहीं

5. पंखा शब्द का सही बहुवचन है -
   (क) पंखों
   (ख) पंखे
   (ग) पंखैं

6. गौएँ शब्द का एकवचन है -
   (क) गऊ
   (ख) गाय
   (ग) गौ

7. 'दर्शन' शब्द का हमेशा प्रयोग होता है -
   (क) एकवचन
   (ख) बहुवचन
   (ग) दोनों

8. पाँच ................ ने दौड़ लगाई - वाक्य में उचित शब्द होगा-
   (क) विद्यर्थयों
   (ख) विद्यार्थियों
   (ग) विद्यार्थी

9. दादा जी ................ के लिए मंदिर गए । वाक्य में उचित शब्द होगा -
   (क) दर्शनों
   (ख) दर्शन
   (ग) दरशन

10. कमरे की खिड़कियाँ खोल दो । वाक्य में 'कमरे और खिड़कियाँ' हैं -
   (क) एकवचन
   (ख) बहुवचन
   (ग) दोनों

11. 'गुरु' का बहुवचन होगा -
   (क) गुरुएँ
   (ख) गुरुओं
   (ग) गुरुजन

12. वचन के भेद हैं -
   (क) दो
   (ख) तीन
   (ग) चार

# 11–कारक

1. बंदर ने लड़के को डराया ।
वाक्य में 'ने' चिह्न है –
(क) कर्ता कारक
(ख) कर्म कारक
(ग) दोनों

2. मानव साइकिल से गिर पड़ा ।
वाक्य में 'से' चिह्न है –
(क) करण कारक
(ख) अपादान कारक
(ग) संप्रदान कारक

3. हाथी ....... सेना ....... कुचल दिया ।
वाक्य में उचित कारक प्रयुक्त होंगे –
(क) पर, को
(ख) ने, को
(ग) में, को

4. मंदिर में पूजा चल रही है ।
वाक्य में 'में' चिह्न है –
(क) अपादान कारक
(ख) अधिकरण कारक
(ग) करण कारक

5. माता जी बस से आई हैं । 'से' चिह्न किस कारक भेद का उदाहरण है –
(क) करण कारक
(ख) अपादान कारक
(ग) संप्रदान कारक

6. ....... प्रभु हमारे अवगुणों ....... नाश कीजिये । उचित कारक प्रयुक्त होंगे –
(क) हे, के
(ख) अरे, को
(ग) हे, को

7. यह रोहन का घर है ।
वाक्य में 'का' है –
(क) संबंध कारक
(ख) अधिकरण कारक
(ग) संप्रदान कारक

8. नैना गुड़िया से खेल रही है ।
वाक्य में 'से' है –
(क) कर्म कारक
(ख) संप्रदान कारक
(ग) करण कारक

9. मुझे रास्ते .......... दोस्त मिल गया ।
वाक्य में उचित कारक होगा –
(क) ने
(ख) पर
(ग) में

10. बच्चे बिस्तर पर बैठे हैं ।
वाक्य में 'पर' है –
(क) संबोधन कारक
(ख) संबंध कारक
(ग) अधिकरण कारक

11. अरे ! तुम्हारे तो बहुत अच्छे अंक आए हैं । वाक्य में 'अरे' है –
(क) अधिकरण कारक
(ख) संबंध कारक
(ग) संबोधन कारक

12. रुचि के हाथ से कलम गिर गई।
इस वाक्य में 'से' है –
(क) कर्ता कारक
(ख) कर्म कारक
(ग) अपादान कारक


हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

# 12-सर्वनाम

1. खुद पर भरोसा रखो। वाक्य में 'खुद' शब्द है –
   (क) प्रश्नवाचक
   (ख) निजवाचक
   (ग) संबंधवाचक

2. वे आज दिल्ली जाएँगे। यह वाक्य किस सर्वनाम का उदाहरण है ?
   (क) मध्यम पुरुषवाचक
   (ख) उत्तम पुरुषवाचक
   (ग) अन्य पुरुषवाचक

3. हमने सभी को पुरस्कार दिए। वाक्य में 'हमने' है –
   (क) उत्तम पुरुषवाचक
   (ख) मध्यम पुरुषवाचक
   (ग) अन्य पुरुषवाचक

4. जो जैसा करेगा वो वैसा भरेगा। वाक्य उदाहरण है –
   (क) अनिश्चयवाचक
   (ख) निजवाचक
   (ग) संबंधवाचक

5. तुम क्या खा रहे हो ? वाक्य में 'क्या' है–
   (क) निजवाचक
   (ख) प्रश्नवाचक
   (ग) संबंधवाचक

6. उन्हें यहाँ भेज दो। वाक्य में 'उन्हें' शब्द किस सर्वनाम का भेद है –
   (क) उत्तम पुरुषवाचक
   (ख) अन्य पुरुषवाचक
   (ग) मध्यम पुरुषवाचक

7. हम रात को देर तक पढ़ते हैं। वाक्य में 'हम' है –
   (क) निजवाचक
   (ख) पुरुषवाचक
   (ग) प्रश्नवाचक

8. यह मेरी कार है। वाक्य किस सर्वनाम का उचित भेद है ?
   (क) अनिश्चयवाचक
   (ख) निश्चयवाचक
   (ग) प्रश्नवाचक

9. कोई नहीं आया। वाक्य में प्रयुक्त कोई है –
   (क) प्रश्नवाचक
   (ख) संबंधवाचक
   (ग) अनिश्चयवाचक

10. मैं स्वयं ही चली जाऊँगी। वाक्य में 'स्वय' है –
   (क) उत्तम पुरुषवाचक
   (ख) निजवाचक
   (ग) संबंधवाचक

11. दाल में कुछ काला है। वाक्य में 'कुछ' किस सर्वनाम का भेद है ?
   (क) संबंधवाचक
   (ख) निश्चयवाचक
   (ग) अनिश्चयवाचक

12. अपना काम स्वयं करना चाहिए। वाक्य में 'स्वयं' किस सर्वनाम का भेद है ?
   (क) अनिश्चयवाचक
   (ख) निश्चयवाचक
   (ग) निजवाचक

# 13-विशेषण

1. **सार्वनामिक विशेषण होते हैं -**
   (क) विशेषण शब्द
   (ख) सर्वनाम शब्द
   (ग) क्रिया शब्द

2. **शरारती बंदर उछल-कूद कर रहा है।**
   **यह वाक्य उदाहरण है-**
   (क) सार्वनामिक
   (ख) गुणवाचक
   (ग) संख्यावाचक

3. **मेरे पास तीन पेंसिलें हैं ।**
   **इस वाक्य में पेंसिलें हैं -**
   (क) विशेषण
   (ख) विशेष्य
   (ग) क्रिया

4. **हम गरम-गरम समोसे खाएँगे ।**
   **इस वाक्य में 'समोसे' है -**
   (क) विशेष्य
   (ख) विशेषण
   (ग) सर्वनाम

5. **यह आभूषण महँगा है ।**
   **'महँगा' शब्द है -**
   (क) विशेषण
   (ख) क्रिया
   (ग) विशेष्य

6. **चार सफ़ेद गायें बैठी हैं ।**
   **'चार' शब्द उदाहरण है-**
   (क) निश्चित संख्यावाचक विशेषण
   (ख) अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण
   (ग) निश्चित परिमाणवाचक विशेषण

7. **विशेषण के भेद हैं -**
   (क) दो
   (ख) चार
   (ग) तीन

8. **मुझे दो लीटर दूध चाहिए ।**
   **विशेषण-भेद बताइए -**
   (क) संख्यावाचक
   (ख) गुणवाचक
   (ग) परिमाणवाचक

9. **ये फूल सुगंधित हैं । 'ये फूल' किस विशेषण-भेद के उदाहरण हैं ?**
   (क) संख्यावाचक
   (ख) सार्वनामिक
   (ग) परिमाणवाचक

10. **टोकरी से कुछ सेब उठा लाओ ।**
    **'कुछ' का विशेषण-भेद बताइए -**
    (क) गुणवाचक
    (ख) संख्यावाचक
    (ग) परिमाणवाचक

11. **आप हमारे घर आएँ ।**
    **'हमारे' शब्द है -**
    (क) परिमाणवाचक
    (ख) प्रविशेषण
    (ग) सार्वनामिक

12. **मुझे लाल गुलाब चाहिए ।**
    **'लाल' शब्द है -**
    (क) सार्वनामिक
    (ख) परिमाणवाचक
    (ग) गुणवाचक


हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

# 14–क्रिया

1. **सकर्मक क्रिया के कितने भेद होते हैं?**
   (क) दो
   (ख) तीन
   (ग) चार

2. **चिड़िया दाना चुग रही है ।**
   **क्रिया-भेद बताइए –**
   (क) एककर्मक क्रिया
   (ख) द्विकर्मक क्रिया
   (ग) धातु

3. **मानिक पत्र लिख रहा है ।**
   **क्रिया-भेद बताइए –**
   (क) अकर्मक क्रिया
   (ख) सकर्मक क्रिया
   (ग) क्रिया-विशेषण

4. **अध्यापिका ने छात्रों को पाठ पढ़ाया ।**
   **क्रिया-भेद बताइए –**
   (क) एककर्मक क्रिया
   (ख) द्विकर्मक क्रिया
   (ग) दोनों

5. **बादल घिर ...... और वर्षा ...... लगी ।**
   **उचित क्रिया शब्द होंगे –**
   (क) आये, होने
   (ख) गए, गयी
   (ग) आ गए, होने

6. **सब मुख्य अतिथि की प्रतीक्षा ......**
   **रहे हैं । उचित क्रिया शब्द होगा –**
   (क) पर
   (ख) हो
   (ग) कर

7. **धातु किसे कहते हैं ?**
   (क) क्रिया को
   (ख) क्रिया के मूल रूप को
   (ग) क्रिया की विशेषता को

8. **आपने पाठ पढ़ लिया था ।**
   **वाक्य में प्रयुक्त 'पढ़' है –**
   (क) विशेषण
   (ख) क्रिया
   (ग) धातु

9. **मेहुल खाना खा रहा है ।**
   **क्रिया-भेद बताइए –**
   (क) अकर्मक क्रिया
   (ख) सकर्मक क्रिया
   (ग) द्विकर्मक क्रिया

10. **राम पुस्तक पढ़ता है ।**
    **क्रिया-भेद बताइए –**
    (क) सकर्मक क्रिया
    (ख) अकर्मक क्रिया
    (ग) द्विकर्मक क्रिया

11. **माली पौधों को पानी दे रहा है ।**
    **क्रिया-भेद बताइए –**
    (क) एककर्मक क्रिया
    (ख) द्विकर्मक क्रिया
    (ग) अकर्मक क्रिया

12. **मोहन दौड़ रहा है ।**
    **क्रिया-भेद बताइए –**
    (क) अकर्मक क्रिया
    (ख) सकर्मक क्रिया
    (ग) द्विकर्मक क्रिया

# 15-काल

1. यहाँ बर्फ पड़ी थी ।
   काल का भेद बताइए -
   (क) भूतकाल
   (ख) भविष्यत् काल
   (ग) वर्तमान काल

2. पक्षी उड़ रहे हैं ।
   काल का भेद बताइए -
   (क) भूतकाल
   (ख) भविष्यत् काल
   (ग) वर्तमान काल

3. किसान फसल काटेगा ।
   काल का भेद बताइए -
   (क) भूतकाल
   (ख) भविष्यत् काल
   (ग) वर्तमान काल

4. मैं रामचरितमानस पढ़ूँगा ।
   काल का भेद बताइएँ -
   (क) सामान्य भविष्यत् काल
   (ख) संभाव्य भविष्यत् काल
   (ग) भविष्यत् काल

5. सब दशहरा देखने गए हैं ।
   काल का भेद बताइए -
   (क) भूतकाल
   (ख) वर्तमान काल
   (ग) भविष्यत् काल

6. काल के भेद हैं -
   (क) चार
   (ख) तीन
   (ग) पाँच

7. वर्षा हो रही थी । काल का भेद बताइए -
   (क) भविष्यत् काल
   (ख) भूतकाल
   (ग) वर्तमान काल

8. कल हमारा विद्यालय बंद रहेगा ।
   काल का भेद बताइए -
   (क) भूतकाल
   (ख) वर्तमान काल
   (ग) भविष्यत् काल

9. गीता पुस्तक पढ़ती है ।
   काल का भेद बताइए -
   (क) भूतकाल
   (ख) वर्तमान काल
   (ग) भविष्यत् काल

10. अध्यापक अपने घर जा रहे थे ।
    काल का भेद बताइए -
    (क) भूतकाल
    (ख) वर्तमान काल
    (ग) भविष्यत् काल

11. अध्यापिका कक्षा में आ रही हैं ।
    काल का भेद बताइए -
    (क) भूतकाल
    (ख) वर्तमान काल
    (ग) भविष्यत् काल

12. भूतकाल के भेद होते हैं -
    (क) चार
    (ख) पाँच
    (ग) छह


हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

# 16–वाक्य

1. उद्देश्य को ....... भी कहा जाता है –
   (क) पद
   (ख) कर्ता
   (ग) विधेय

2. रचना के आधार पर वाक्य के भेद हैं –
   (क) दो
   (ख) तीन
   (ग) पाँच

3. निम्न में से मिश्र वाक्य का उदाहरण है–
   (क) सुमन आई और देर तक द्व रुकी रही ।
   (ख) जो दूसरों की मदद करते हैं, उन्हें सब चाहते हैं।
   (ग) अब तो तारे भी निकल आए हैं।

4. अर्थ के आधार पर वाक्य के भेद हैं –
   (क) आठ
   (ख) नौ
   (ग) दस

5. वाक्य में प्रयुक्त शब्द कहलाते हैं –
   (क) सार्थक शब्द
   (ख) निरर्थक शब्द
   (ग) पद

6. वाह ! कितना सुंदर बगीचा है । वाक्य उदाहरण है –
   (क) विस्मयवाचक वाक्य का
   (ख) निषेधवाचक वाक्य का
   (ग) इच्छावाचक वाक्य का

7. वाक्य सार्थक समूह है –
   (क) वर्णों का
   (ख) शब्दों का
   (ग) दोनों का

8. वाक्य के अंग हैं –
   (क) दो
   (ख) चार
   (ग) आठ

9. निम्न में से आज्ञावाचक वाक्य है –
   (क) यदि अब वर्षा न हुई तो फसलें नष्ट हो जाएँगी।
   (ख) ईश्वर तुम्हें सदैव खुश रखे।
   (ग) पक्षियों को दाना डाल देना।

10. उद्देश्य के अंतर्गत होता है –
   (क) कर्ता और कर्ता के विशेषण
   (ख) कर्ता और कर्म क्रिया
   (ग) क्रिया–विशेषण

11. विधेय में होता है –
   (क) क्रिया
   (ख) कर्ता
   (ग) क्रिया के कर्म एवं विशेषण

12. शायद आज वर्षा हो । वाक्य उदाहरण है –
   (क) संकेतवाचक वाक्य का
   (ख) संदेहवाचक वाक्य का
   (ग) विधानवाचक वाक्य का

# 17-विराम-चिह्न

1. 'डॉ० राजेंद्र प्रसाद भारत के प्रथम राष्ट्रपति थे' वाक्य में प्रयुक्त विराम-चिह्न है-

   (क) विवरण

   (ख) योजक

   (ग) लाघव

2. किसी शब्द को संक्षिप्त रूप में लिखने के लिए इस विराम-चिह्न का प्रयोग होता है -

   (क) विवरण

   (ख) लाघव

   (ग) योजक

3. हर्ष व्यक्त करने के लिए प्रयुक्त होता है -

   (क) योजक चिह्न

   (ख) लाघव चिह्न

   (ग) विस्मयसूचक चिह्न

4. चारु गाना सुना रही थी। वाक्य के अंत में प्रयुक्त होगा -

   (क) पूर्णविराम

   (ख) अर्धविराम

   (ग) अल्पविराम

5. किसी के कथन को ज्यों का त्यों लिखने के लिए प्रयुक्त होता है -

   (क) इकहरा उद्धरण चिह्न

   (ख) दोहरा उद्धरण चिह्न

   (ग) दोनों

6. अल्पविराम से अधिक और पूर्णविराम से कम रुकना हो, तो प्रयुक्त होता है -

   (क) पूर्णविराम

   (ख) अर्धविराम

   (ग) योजक चिह्न

7. मसूरी, मनाली और शिमला पहाड़ी स्थल हैं - वाक्य के अंत में प्रयुक्त चिह्न होगा-

   (क) अल्पविराम

   (ख) पूर्णविराम

   (ग) अर्धविराम

8. 'यह किस प्रश्न का उत्तर है' -वाक्य में प्रयुक्त विराम-चिह्न होगा -

   (क) अर्ध विराम

   (ख) प्रश्नवाचक

   (ग) निर्देशक

9. मनीष बाज़ार गया ; रोहन घर से सामान लाया । ';' विराम चिह्न है -

   (क) निर्देशक

   (ख) विवरण

   (ग) अर्धविराम

10. 'माता-पिता भगवान के समान होते हैं' वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है -

   (क) लाघव

   (ख) योजक

   (ग) अल्पविराम



हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

# 18-मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ

1. 'मूर्ख लोगों में थोड़ा विद्वान- के लिए लोकोक्ति होगी-
   (क) एक अनार सौ बीमार
   (ख) अंधों में काना राजा
   (ग) ऊँची दुकान फीका पकवान

2. 'बलशाली की जीत होना' के लिए लोकोक्ति होगी -
   (क) जिसकी लाठी उसकी भैंस
   (ख) मान न मान मैं तेरा मेहमान
   (ग) एक पंथ दो काज

3. 'टोपी उछालना' मुहावरे का अर्थ है -
   (क) टोपी को ऊपर उछालना
   (ख) बहुत कंजूस होना
   (ग) अपमानित करना

4. 'पानी-पानी होना' मुहावरे का अर्थ है -
   (क) लज्जित होना
   (ख) पानी फैलाना
   (ग) लट्टू होना

5. 'भाग जाना' के लिए मुहावरा है -
   (क) दिल टूट जाना
   (ख) नौ-दो ग्यारह होना
   (ग) काम तमाम करना

6. 'धोखेबाज मित्र' के लिए मुहावरा है -
   (क) अंधे की लाठी
   (ख) आस्तीन का साँप
   (ग) ईद का चाँद

8. अधूरे ज्ञान वाला अधिक उछलता है। सही लोकोक्ति है-
   (क) अधजल गगरी छलकत जाए
   (ख) ऊँची दुकान फीका पकवान
   (ग) बंदर क्या जाने अदरक का स्वाद

9. 'घी के दीए जलाना' मुहावरे का अर्थ है -
   (क) दीयों में घी डालना
   (ख) दिवाली मनाना
   (ग) खुशियाँ मनाना

7. 'अक्ल का दुश्मन' मुहावरे का अर्थ है -
   (क) नन्हा बालक
   (ख) समझदार व्यक्ति
   (ग) मूर्ख

10. 'अँगूठा दिखाना' मुहावरे का अर्थ है -
   (क) मज़ाक करना
   (ख) मन बहलाना
   (ग) साफ़ मना कर देना

11. 'फूला न समाना' मुहावरे का अर्थ है-
   (क) आसान काम
   (ख) फूल जाना
   (ग) बहुत प्रसन्न होना

12. 'हाथ मलना' मुहावरे का अर्थ है -
   (क) बहुत प्यारा
   (ख) पछताना
   (ग) एकमात्र सहारा

# 19-यह भी जानें

## संख्याओं के नाम

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 एक | 26 छब्बीस | 51 इक्यावन | 76 छिहत्तर |
| 2 दो | 27 सत्ताईस | 52 बावन | 77 सतहत्तर |
| 3 तीन | 28 अट्ठाईस | 53 तिरपन | 78 अठहत्तर |
| 4 चार | 29 उनतीस | 54 चौवन | 79 उन्यासी |
| 5 पाँच | 30 तीस | 55 पचपन | 80 अस्सी |
| 6 छह | 31 इकतीस | 56 छप्पन | 81 इक्यासी |
| 7 सात | 32 बत्तीस | 57 सत्तावन | 82 बयासी |
| 8 आठ | 33 तैंतीस | 58 अट्ठावन | 83 तिरासी |
| 9 नौ | 34 चौंतीस | 59 उनसठ | 84 चौरासी |
| 10 दस | 35 पैंतीस | 60 साठ | 85 पचासी |
| 11 ग्यारह | 36 छत्तीस | 61 इकसठ | 86 छियासी |
| 12 बारह | 37 सैंतीस | 62 बासठ | 87 सत्तासी |
| 13 तेरह | 38 अड़तीस | 63 तिरेसठ | 88 अट्ठासी |
| 14 चौदह | 39 उनतालीस | 64 चौसठ | 89 नवासी |
| 15 पंद्रह | 40 चालीस | 65 पैंसठ | 90 नब्बे |
| 16 सोलह | 41 इकतालीस | 66 छियासठ | 91 इक्यानवे |
| 17 सत्रह | 42 बयालीस | 67 सड़सठ | 92 बानबे |
| 18 अठारह | 43 तैंतालीस | 68 अड़सठ | 93 तिरानबे |
| 19 उन्नीस | 44 चवालीस | 69 उनहत्तर | 94 चौरानबे |
| 20 बीस | 45 पैंतालीस | 70 सत्तर | 95 पंचानबे |
| 21 इक्कीस | 46 छियालीस | 71 इकहत्तर | 96 छियानबे |
| 22 बाइस | 47 सैंतालीस | 72 बहत्तर | 97 सत्तानबे |
| 23 तेईस | 48 अड़तालीस | 73 तिहत्तर | 98 अट्ठानबे |
| 24 चौबीस | 49 उनचास | 74 चौहत्तर | 99 निन्यानबे |
| 25 पच्चीस | 50 पचास | 75 पचहत्तर | 100 सौ |

## दिनों के नाम

रविवार
सोमवार
मंगलवार
बुधवार
बृहस्पतिवार
शुक्रवार
शनिवार

## हिंदी महीनों के नाम

चैत (चैत्र)
बैसाख
जेठ (ज्येष्ठ)
आषाढ़
सावन (श्रावण)
भादों (भाद्रपद)
क्वार (अश्विन)
कार्तिक
अगहन
पूस
माघ
फागुन (फाल्गुन)